

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-140 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस,बंगले के बाहर समर्थकों का जमावड़ा

■ बलौदाबाजार में सतनामी समाज ने कलेक्टर ऑफिस में की थी आगजनी

■ भिलाई 17 अगस्त

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार कलेक्टर कार्यालय में आग लगाए जाने की घटना के बाद वहां की पुलिस शनिवार को दूसरी बार भिलाई नगर के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार करने के लिए पहुंची है। वहीं विधायक देवेंद्र यादव ने खुद को कमरे में अंदर से बंद कर लिया है। इस दौरान पुलिस और देवेंद्र यादव के समर्थकों की बहस हो गई। बता दें कि बलौदाबाजार कलेक्टर ऑफिस का घेराव करने के लिए सतनामी समाज कुछ माह पूर्व पहुंचा था। उस दौरान लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कलेक्टर ऑफिस में आग लगा दी थी। सरकार ने कलेक्टर और एसपी को तत्काल प्रभाव से वहां से हटा दिया था। इसी मामले को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को भी नोटिस दिया गया था, क्योंकि आगजनी की घटना के पूर्व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भी वहां उपस्थित थे।



उनके द्वारा वहां पर भाषण भी दिया गया था। इसे ही आधार बनाकर बलौदाबाजार पुलिस लगातार देवेंद्र यादव को नोटिस पर नोटिस दे रही थी, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। आज जब बलौदाबाजार पुलिस विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर पांच स्थित निवास पर पहुंची तो इसकी जानकारी के बाद उनके समर्थकों को भी हो गई।

जिनके द्वारा पुलिस से बहस की गई। इस समय बलौदा बिहार पुलिस देवेंद्र यादव के घर के बाहर इंतजार कर रही है। फिलहाल देवेंद्र यादव अपने घर पर ही है।

## अपराधियों को बचाने के लिए है ममता बनर्जी का धरना प्रदर्शन: नकवी

**नई दिल्ली, 17 अगस्त।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के धरना प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनका विरोध मार्च अपराधियों के खिलाफ नहीं, बल्कि अपराधियों को बचाने के लिए अधिक लगता है। उन्होंने कहा कि अपराध के गटर में अहंकार का स्वेटर पहनकर यह सफल नहीं होगा। काम करना उनकी जिम्मेदारी है। काम करने की बजाय ममता बनर्जी धरने पर बैठने की कोशिश कर रही हैं। लोगों ने उन्हें जो जनादेश दिया है, वह अपराध के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए है, न कि विरोध करने के लिए। जो कानून पहले से बने हुए हैं, उनका पालन करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है, इसकी वजह से ऐसे अपराध हो रहे हैं। अगर राज्य सरकार कानून लागू करने की बजाय कानून तोड़ने लगे तो क्या होगा? मुझे लगता है कि ममता बनर्जी चाहे जितने भी कानून बना लें, उसका कोई फायदा नहीं होगा।

## रेलवे की सुरक्षा और सुविधाओं पर नहीं है सरकार का ध्यान: पवन खेड़ा

**नई दिल्ली, 17 अगस्त ।** कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे पटरी से उतरने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर सवाल उठाए हैं। पवन खेड़ा ने कहा, रेल हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं, बार-बार हमें कहा जाता है कि एक कवच लगा रखा है, अगर रेल गाड़ियों पर कवच लगा है तो ये क्या काम करता है, कौन सी कंपनी ने यह कवच दिया है। क्या सभी ट्रेन पर कवच लगा हुआ है। उन्होंने कहा, रेल की सुरक्षा और सुविधा लगातार घटती जा रही है और रेल यात्रियों की चिंता बढ़ती जा रही है। इस दिशा में मुझे नहीं लगता कि सरकार गंभीर है। अभी पिछले ही हफ्ते रेलवे पर सीएजी रिपोर्ट आई।

## छत्तीसगढ़ में डॉक्टरों की हड़ताल

■ सरकारी और प्राइवेट सभी अस्पतालों में ओपीडी और ऑपरेशन बंद

■ रायपुर17 अगस्त

कोलकाता के आर. के. कर मेडिकल कॉलेज में एक मेडिकल छात्र से जुड़ी घटना के विरोध में देश भर के डॉक्टर आज हड़ताल पर हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएएम) ने आज हड़ताल का आह्वान किया है। इसके कारण छत्तीसगढ़ सहित देश भर के सरकारी और निजी अस्पतालों में ओपीडी और अन्य सेवाएं बंद हैं। सभी अस्पतालों में केवल आपातकालीन सेवाएं संचालित हैं। आईएमए छत्तीसगढ़ के प्रवक्ता सुरेंद्र शुक्ला ने कहा कि शनिवार, 17 अगस्त, सुबह 6 बजे से रविवार, 18 अगस्त, शाम 6 बजे तक राज्य के सभी डॉक्टरों और नर्सिंग होम में केवल आपातकालीन उपचार प्रदान किया जाएगा। डॉक्टर समाज के स्वास्थ्य के लिए काम करते हैं, लेकिन ऐसी घटनाएं हर दिन होती रहती हैं। कोलकाता में हुई इस घटना से पूरा डॉक्टर परिवार और देश के लोग आक्रोशित हैं। आरजीकेआर अस्पताल के एक प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर से जुड़ी घटना से हम बहुत दुखी और व्यथित हैं, यह पश्चिम बंगाल में कानून और व्यवस्था के लिए एक काला दिन है और प्रशासन पूरी तरह से विफल रहा है।

आईएमए की मांगों के बारे में शुक्ला ने कहा, हम मांग करते हैं कि सीबीआई को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके फास्ट ट्रैक अदालत में फांसी दी जानी चाहिए। सभी अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए। हम एनएमसी, केंद्र सरकार से अस्पताल में काम करने वाले कनिष्ठ और वरिष्ठ डॉक्टरों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की मांग करते हैं। एन. एम. सी. को एक समिति का गठन करना चाहिए और कनिष्ठ चिकित्सक की समस्याओं का ध्यान रखना चाहिए जैसे कि मानसिक स्थिति का ध्यान रखना, लंबे समय तक काम करने के घंटों का ध्यान रखना, कनिष्ठ चिकित्सक को दिए जाने वाले वजीफे को सुनिश्चित करना, ग्रामीण चिकित्सा अनुबंध को समाप्त करना, कनिष्ठ चिकित्सक के आवास की व्यवस्था करना और सरकार को अस्पताल में चिकित्सक के साथ किसी भी घटना के लिए सख्त कानून का प्रावधान करना चाहिए।



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रुद्रामहाभिषेक में हुए शामिल

**रायपुर 17 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज पवित्र सावन मास पर महासमुन्द जिला मुख्यालय में आयोजित रूद्रामहाभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रुद्र पाठ के मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया तथा पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-शांति-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक श्री सम्पत अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुगण शामिल हुए।



## रायपुर में बनेगा दिव्यांग पार्क

■ रायपुर 17 अगस्त

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के साथ बीटीआई ग्राउंड पहुंचे। जहां उन्होंने दिव्य कला मेला में हिस्सा लिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने दिव्यांग पार्क बनाने की घोषणा की है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर केंद्रीय मंत्री ने सीएम साय से 5 एकड़ सरकारी जमीन की मांग की है।



सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि, सामाजिक न्याय मंत्रालय ने दिव्य कला मेला का आयोजन किया है। यहां आये केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार लगातार 8 बार सांसद रहे हैं और इन्हीं की तरह सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी अपराजेय योद्धा है। वे भी 8 वीं बार विधायक रहने के बाद पहली बार सांसद बने हैं। उन्होंने आगे कहा कि, पहले दिव्यांगजनों को विकलांग कहते थे तो अच्छा नहीं लगता था। प्रधानमंत्री ने दिव्यांगजनों का सम्मान बढ़ाया है। अब दिव्यांग कहने से अच्छा लगता है। उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि, वो मेला देखने आये और इससे दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने के लोन व्यवस्था होती है। समाज कल्याण विभाग की ओर से लोन उपलब्ध करते हैं। हम चाहते हैं कि, दिव्य कला मेला सफल हो और इससे दिव्यांग प्रोत्साहित हो।

## डोभा में एक ही परिवार के तीन बच्चों के शव मिले

**देवघर 17 अगस्त।** देवघर जिले केसोनारायठाढी थाना क्षेत्र के दोंदिया पिपरसोल गांव स्थित डोभा से शुक्रवार की सुबह एक ही परिवार के तीन बच्चों का शव बरामद किया गया है। मरने वालों में 8 वर्षीय शिवम कुमार और 11 वर्षीय दीपक कुमार सगे भाई हैं वही 12 वर्षीय दिवाकर कुमार इन लोगों का चचेरा भाई था। सभी एक ही घर में रहते थे ?। दो बच्चों का शव बाहर निकाल लिया गया है।

वही पानी गहरा होने के कारण एक बच्चे का शव नहीं निकाला जा सका है। इसके लिए एनडीआरएफ की टीम की मदद मांगी गई है । स्वजनों का आरोप है कि आपसी विवाद के कारण तीनों बच्चों की हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना मिलने पर सारवां और सोनारायठाढी थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस हर स्तर पर मामले की छानबीन की जा रही है। साथ ही इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को भी दी गई है।

## पटरी से उतरे साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे

■ कानपुर 17 अगस्त





उत्तर प्रदेश के कानपुर और भीमसेन स्टेशन के बीच एक बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। साबरमती एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19168) के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। हादसा उस समय हुआ जब साबरमती एक्सप्रेस कानपुर से भीमसेन की ओर जा रही थी। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेन के इंजन ने एक बोल्डर से टकराया, जिससे इंजन का कैटल गार्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रेन पटरी से उतर गई। घटना की जांच चल रही है, और पूरी स्थिति का मूल्यांकन बाद में किया जाएगा। घटनास्थल पर कानपुर के डीएम राकेश कुमार सिंह और एडीएम ने पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। मामूली खरोंचें आईं यात्रियों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया और बसों की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजा जा रहा है। राहत कार्य तेजी से चल रहा है और रेलवे प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।












# भिलाई में जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा









**भिलाई, 17 अगस्त ।** इस्पात नगरी भिलाई में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन, दुर्ग में विभाग प्रमुख व महाप्रबंधक शिवराजन नायर के मुख्य आतिथ्य में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे, उप प्रबंधक के के वर्मा तथा सीएसआर विभाग के अन्य कर्मचारीगणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर में स्वतंत्रता दिवस पर शिवसेना प्रमुख सुरेंद्र यादव ने झंडा रोहण किया। इस अवसर पर समाजसेवी ट्रांसपोर्टर हरेंद्र राय, मनोज यादव, रोहित राय, मनीष राय, राजू गुप्ता, अशोक राव तांदुलकर, अनिल साव, मिथिलेश राय, लक्खा सरदार, रामबाबू, राहुल लाल बाबू महेश साहू, तबरेज खान, प्रदीप आदि उपस्थित थे ।

जनता शिक्षण समिति द्वारा संचालित जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं जनता इंग्लिश मीडियम स्कूल गांधी चौक कैंप 2 में समिति के अध्यक्ष डॉ एस द्विवेदी के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य सीपी चौधरी द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के तेल चित्रों पर माल्यार्पण करने के पश्चात झंडा रोहण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर द्विवेदी ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई है। शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को संपूर्ण पाठ्यक्रम के साथ सामाजिक ज्ञान भी प्रदान करें तथा बच्चों से कहा कि वह पूरी ईमानदारी से पाठ्यक्रम का अध्ययन के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियों हेतु खेलकूद पर भी अपनी रुचि रखें। संचालन उप प्राचार्य अरुण कुमार तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती नीलिमा अवस्थी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य अरुण कुमार शिक्षक गण कमलेश सिंह टी एन पांडे, कुमारी रेणुका जघेल, कु मोमिन, कु नेहा, कु प्राची, संस्था के हेड क्लर्क श्रीजीत नारायण मिश्रा, अकाउंटेंट विनोद काप्से, कु भुवनेश्वरी, कु नूरजहां, श्रीमती सीमा देवांगन सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी आशीष यादव विद्यालय के अरुण द्विवेदी सहित छात्राओं के पालक गण तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

श्री वीरा सिंह मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल फल मंडी पावर हाउस भिलाई में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्गीय सरदार वीरा सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कुलवंत कौर उनके सुपुत्र एवं श्री वीरा सिंह मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू ने ध्वजारोहण कर समस्त डॉक्टर, नर्स, अस्पताल के प्रबंधन और समस्त कर्मचारी गणों को संबोधित किया 7 उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रभुनाथ मिश्रा, मलकीत सिंह लल्लू, निर्मल सिंह, गुरमुख सिंह रंधावा, श्रीमती डॉ प्रभा पटरिया, डॉ कुर्रे, डॉ संजीव मिश्रा, मनोज साहू उपस्थित रहे।

गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 में युवा ट्रांसपोर्टर एवं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए खास और गर्व का क्षण है। वास्तव में एक विशेष अनुभव है। जिस स्कूल से मैंने बचपन से शिक्षा ग्रहण की, उसी अपने स्कूल गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6 भिलाई में मुझे मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मलकीत सिंह लल्लू, स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमेन तारा सिंह, अध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह, उपाध्यक्ष मंजीत सिंह, जी एस फ्लोरा, हरमीत सिंह, बलदेव सिंह, पी पी एस अहलूवालिया, बलजीत सिंह, जसबीर सिंह एवं श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारे के सचिव हरमीत शिक्षिकाओं का इस सम्मान के लिए सादर आभार एवं धन्यवाद दिया गया।

एक नजर

## रणजी खिलाड़ी शिवानी ने स्कूली बच्चों को किया पुरस्कृत



**भिलाई, 17 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला क्रिकेट की रणजी खिलाड़ी कु. शिवानी हरिकृष्णा ने मौर्या-चंद्रा टॉकीज के बगल स्थित केनरा बैंक में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रतिभावान स्कूली बच्चों को छात्रवृत्ति वितरित किया। यह कार्यक्रम केनरा बैंक द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के तहत आयोजित की गयी थी, जिसमें शासकीय स्कूल के एससी-एसटी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। इस अवसर पर प्रदेश की प्रतिभावान रणजी प्लेयर शिवानी ने कहा कि हमें देश के विकास के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना है। शिवानी ने बच्चों के विकास में पैरेंट्स के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरुजन के साथ ही हमारे माता-पिता हमारे भी सच्चे मार्गदर्शक हैं। हमें उनके बताये रास्ते पर चलना है। उन्होंने पेरिस ओलम्पिक में महिला खिलाडियों के दम-खम का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्राओं को स्टडी के साथ ही खेलों में विशेष रुचि दिखानी है। इस अवसर पर भिलाई, दुर्ग, कुम्हारी एवं परिधीय क्षेत्रों के केनरा बैंक के प्रबंधक, रीजनल ऑफिस के अधिकारीगण, स्कूलों के प्राचार्य सहित पुलिस अधिकारी प्रभा राव, समाजसेवी एवं युवा व्यवसायी हरिकृष्णा, श्रीमती सरस्वती हरिकृष्णा, बैंक के स्टाफ, स्कूली बच्चे, अध्यापकगण सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## लाटरी निकलने का झांसा देकर ठगी

**भिलाई, 17 अगस्त।** भिलाई लाटरी के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 318 (4 के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला पुलिस ने बताया कि हाईटेक अस्पताल में एनआईसीयू वार्ड में अटेंडर व टाटा लाइन कोहका निवासी चमेली गोडेश्वर के वाट्सअप नम्बर पर अज्ञात मोबाइल धारक ने लाटरी 25 लाख रुपए लगने का झांसा देकर अलग-अलग यूपीआई आईडी से 68 हजार 600 रुपए का ठगी किया है चमेली 9 अगस्त को अस्पताल में फेसबुक चला रही थी वाट्सअप पर कौन बनेगा करोड पति पर सवाल आया तो उसका जबाव देने के बाद सीमा शर्मा ने एक लिंक ओपन करने को बोली ओपन करने पर लाटरी नं निकला जिसे अज्ञात मोबाइल धारक राना प्रताप सिंग को भेजने बोली 25 लाख रुपए के लिए प्रोसोसिंग फीस के नाम पर ठगी किया गया ।

## आत्मानंद स्कूल में बंछोर ने किया ध्वजारोहण



**जामुल।** आत्मानंद शासकीय हाई स्कूल जामुल में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय साथ में नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर, बीआर रामटेके, अश्वनी यादव, चन्द्रिका कौशिक, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, ओमप्रकाश साहू, डॉ ओएस चंद्राकर, डी एस साहू, हरीश वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता पार्षद संजय देशलहरे एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सभी छात्रों एवं छात्राओं द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

## पीएमश्री सेजेस देवकर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**देवकर।** पी. एम.श्री सेजेस देवकर में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार डहले, व्याख्याता योगेश प्रजापति, अंकिता देशमुख, ईश्वर साहू, चेतना भारती राजपूत, योगेश साहू, विनायक कर्ष , पूर्णिमा साहू एवं समस्त व्याख्याता उपस्थित रहे।

## पीएचई आफिस में शान से लहराया तिरंगा

**कवर्धा, 17 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** पीएचई विभाग कवर्धा के प्रांगण में कार्यपालन अभियंता जेपी गोंड ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में डी एस राजपूत सहायक अभियंता , बड़े बाबू पी डी जांगड़े , केमिस्ट गुलशन शर्मा , रूप कुमारी शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी ।





## भाजपा ने अटल विहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई

**उतई, 17 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता राजनीति के अजातशत्रु पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी पुण्यतिथि के अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी में कार्यकर्ताओं को पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के बताए हुए मार्गों पर चलने का आह्वान किया 7 जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति के अजातशत्रु छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता प्रखंड विद्वान, कवि जनसंघ संस्थापक सदस्यों में से एक अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (राजग) सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर काँग्रेसी प्रधानमन्त्री पद के 5 वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किए। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्मपितामह भी कहा जाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जिला महामंत्री एवं विधायक ललित चंद्राकर सुरेंद्र कौशिक उपाध्यक्ष दिलीप साहू राजेंद्र पाध्याय अलका बाघमार मंत्री आशीष निमजे दीपक चोपड़ा सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी मीडिया प्रभारी राजा महोबिया सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष मदन वढाई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, दिव्या कलिहारी ,गायत्री वर्मा, जय श्री राजपूत, शिवेंद्र परिहार, शिवकुमार निषाद, फते साहू, राजेंद्र ढीमर, निशा साहू, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## प्राइड ऑफ छत्तीसगढ़ अवार्ड से हरीश साहू का हुआ सम्मान



पाटन । मिनी माता की पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर रविवार 11 अगस्त को गोंडवाना भवन धमतरी मे भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वाधान मे प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमे प्रदेश के जिन विभूतियों को उनकी शैक्षनिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक सेवा के विभिन्न क्षेत्रो मे विविध योगदान के लिए राज्य अलंकरन अवार्ड 2024 की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया जिसमे दुर्ग जिला से हरीश साहू को प्राइड ऑफ छत्तीसगढ़ व संत माता कर्मा समाजवीर अवार्ड 2024 से सम्मान किया किया गया। जिसमे मुख्य रूप से संस्थापक एवं प्रान्त अध्यक्ष जे आर बंजारे, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुशीला वाल्मीकि महासंरक्षक मुख्य अतिथि श्रीमती मीना भारद्वाज रायपुर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती जोशी बस्तर, श्रीमती राजकुमारी साहू रायपुर,अति विशिष्ट अतिथि संजय कुमार मैथिल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## लोकनिर्माण विभाग में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**कवर्धा, 17 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोकनिर्माण विभाग कार्यपालन अभियंता लावण्य पुष्प परगनिहा ने ध्वजारोहण किया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में संभागीय लेखाधिकारी संदीप बरनवाल , उप अभियंता एल आर छतरे , उप अभियंता श्रीमती दुर्गा राय , ह्वश्च अभियंता कु. अल्का डड़सेना , ओंकार धर शर्मा, , एस के भोई , बीपी गुप्ता , देवहरे , सीपी गोस्वामी एवं अन्य समस्त लोक निर्माण विभाग के स्टाफ उपस्थित रहे । सभी अधिकारी कर्मचारियों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी ।

## पुलिस चौकी पोड़ी में त्रिलोक प्रधान ने फहराया तिरंगा



**कवर्धा, 17 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस चौकी पोड़ी में पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में ए एस आई राजकुमार चंद्रवंशी सहित समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे । सभी पुलिस स्टाफ ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी । पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा की देशभक्ति और देश प्रेम की भावना सभी के दिल में होना चाहिए ।

## रिसाली में मना स्वतंत्रता दिवस



**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने मुख्य कार्यालय में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया। वहीं मुख्य कार्यक्रम के ठीक पहले निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने श्याम नगर स्थित टंकी कार्यालय में ध्वजारोहण कीं। इस अवसर पर महापौर ने वीरगति को प्राप्त हुए सेनानियों को याद करते हुए राष्ट्रीय पर्व की बधाई दी। इसके बाद रिसाली निगम की ब्रांड एंबेसडर सोनाली चक्रवर्ती ने स्वयं सिद्धा समिति के पदाधिकारियों के साथ एस.एल.आर.एम. सेंटर में कार्य करने वाली 38 महिला सफाई मित्र को साड़ी और निगम ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित की। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, अनूप डे, डॉ. सीमा साहू, सोनिया देवांगन, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, ईश्वरी साहू, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, सारिका साहू, रमा साहू, सविता ढवस, सरिता देवांगन, विलास बोरकर व निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## भोरमदेव शक्कर कारखाने ने किया गन्ना किसानों को 9.33 करोड़ रुपए का रिकवरी भुगतान जारी



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 17 अगस्त ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवम सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा त्योहारी सीजन में गन्ना किसानों को पेराई सत्र 2023/24 में रिकवरी राशि अंतर्गत 9.33 करोड़ रुपए का भुगतान जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि शक्कर कारखाना द्वारा एफआरपी गन्ना भुगतान अंतर्गत 113.52 करोड़ रुपए का शत प्रतिशत भुगतान जारी किया जा चुका है गया है। उप मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप सावन के पवित्र महीने और आगामी रक्षाबंधन और तीजा पोरा के त्योहारी सीजन में कारखाना से गन्ना बिक्री रिकवरी की राशि मिलने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में इस वर्ष 92.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर 35.81 करोड़ रुपए रिकवरी की राशि शक्कर कारखाना द्वारा दिया जाना है जिसमें से 24 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 9.33 करोड़ रूपये की रिकवरी राशि 12052 गन्ना किसानों को जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि एफआरपी और रिकवरी की राशि शक्कर कारखानों द्वारा दी जाती है तथा गन्ना प्रोत्साहन या बोनस राशि कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दी जाती है,बोनस राशि के तहत 24.50 करोड़ रुपए का भुगतान भी गन्ना किसानों को किया जाएगा।

## नवीन महाविद्यालय मचांदुर के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने प्रवीण



**उतई, 17 अगस्त।** मचांदुर,भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल एवं वार्ड क्रमांक 10 के पंच प्रवीण कुमार यदु को शासकीय नवीन महाविद्यालय मचांदुर कॉलेज की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । उनकी नियुक्ति जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन पर कलेक्टर द्वारा किया गया है। प्रवीण यदु ने प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उनके द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से सलाह मशवरा कर शीघ्र समिति के अन्य सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। जनभागीदारी अध्यक्ष कि घोषणा पर उतई मंडल में हर्ष मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चंद्राकर, पार्षद सतीश चंद्राकर,सरस्वती साहू,करण सेन,डिलेश साहू,फलेंद्र राजपूत, मनोज चंद्राकर, अजीत चंद्राकर,शीतला ठाकुर,लक्ष्मीनारायण साहू,रूपेश पारख,नरेंद्र साहू,चंदु देवांगन, नवाब खान,गजेंद्र कुमार साहू,सरपंच दिलीप साहू,सहित मंडल के पदाधिकारियों ने खुशी मनाया।

## कुर्मी मित्र मंडल ने 5 कला साधकों को दिया भुइयां सम्मान




भिलाई, 17 अगस्त । युवा कुर्मी मित्र मंडल के भुइयां सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, अति विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध लोकगायिका चंदैनी गोंदा श्रीमती अनुराग ठाकुर एवं सुप्रसिद्ध लोक गायिका श्रीमती कविता वासनिक, अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दिनेश गौतम तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी महिला महासभा, ईश्वरी वर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर, श्रीमती माया अमृत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज भिलाई नगर थे । दिनेश गौतम ने स्वागत भाषण दिया । मुख्य अतिथि विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ के कलाकारों की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके दशा और दिशा में सुधार पर जोर दिया तथा संस्था के द्वारा कलाकारों का सम्मान एक अच्छा कदम बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। आयोजन में छत्तीसगढ़ के 5 लोककला साधकों को भुइयां सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें गिरवर दास मानिकपुरी, श्रीमती निर्मला ठाकुर, श्रीमती तरूणा साहू, ओपी देवांगन, घनश्याम वर्मा शामिल हैं। संचालन हेमंत चंद्रा , योगेन्द्र वर्मा, मेनका वर्मा, मोरध्वज चंद्राकर एवं गोपाल कृष्ण वर्मा ने किया । परिचय वाचन श्रीमती मंजू दिल्लीवार, ज्योति डोटे, श्रीमती सरोज चंद्रा एवं श्रीमती सरिता मुरारी चंद्राकर ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के उपाध्यक्ष अजय चंद्राकर ने की ।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण



**भिलाई-03।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा फाईट द बाईट अभियान के तहत निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत के निर्देशानुसार हथखोज एरिया में संचालित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी मापदण्डों का मूल्यांकन करते हुये निगम की टीम द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव प्रदान किये गये। इस दौरान निरोस इस्पात कंपनी, मां संतोषी रोलिंग मील, सुप्रीम सायनाथ स्पेशलिस्ट, जे.के. स्टील हथखोज, सैप भाई मेटू प्रा.लि. इन औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को डस्टबिन के उपयोग सहित ग्लव्स और मास्क से स्वयं को सुरक्षित रखने से भी अवगत कराया गया।

## महापौर कोसरे ने भिलाई-चरौदा निगम में किया ध्वजारोहण



**भिलाई-चरौदा।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई-03 चरौदा कार्यालय प्रांगण महापौर निर्मल कोसरे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम कमिश्नर डी एस राजपूत ने कहा कि आज जिस स्वतंत्रता का हम उत्सव मना रहे हैं उसके लिए भारत माता के असंख्य वीर सपूतों द्वारा अपने प्राणों की आहुति दी गयी है। जिसके बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। महापौर कोसरे ने अपने उद्बोधन की शुरुआत मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश के साथ की। महापौर परिषद के सदस्य एस वेंकट रमना, पार्षद गुरूचरण सिंह, पार्षद श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर, पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, पार्षद डे साहब वर्मा, पूर्व पार्षद डी वेंकट ये सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान सहायक अभियंता डी के पांडेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उप अभियंता वैभव त्यागी, स्टोर प्रभारी सुरेश नासरे, आयुक्त स्टेनो चेतन चन्द्राकर, स्थापना प्रभारी श्रीमती तारणी वर्मा, संपदा प्रभारी राजू वर्मा सहित समस्त अधिकरी कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## अभियान में रोड़ा बनने पर घर का कटेगा नल कनेक्शन

**रिसाली।** कुछ घंटे या फिर कुछ दिन के अंतराल में बारिश होने पर मच्छर या अन्य बीमारी का प्रकोप बढ़ने लगता है। यही वजह है कि बीमारी महामारी का रूप न ले, एहतियात बरते अभियान में तेजी लाई गई है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.सी. बंजारे रिसाली के जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दे रहे है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए है कि फाइट द बाइट अभियान में रोड़ा बनने वाले के साथ सख्ती से पेस आया जाएगा। ऐसे लोगों के निवास में लगे नल कनेक्शन को विच्छेद किया जाएगा। प्रशिक्षण देते हुए डॉ. बंजारे ने कहा कि निगम का अमला ठहरे हुए बारिश के पानी में जला आइल अवश्य डाले। यह खानापूर्ति के तौर में नहीं होना चाहिए। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि घरों में कॉकरोच होता है। वही कॉकरोच पीलिया, टाइफाइड का संवाहक है।

## संपादकीय

# मकसद तो अराजकता फैलाना ही होता है

भारत एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति है। उसे आर्थिक महाशक्ति बनने से रोकने के प्रयास स्थापित महाशक्तियां कर रही है। भारत वर्तमान में विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। उससे ऊपर चार आर्थिक महाशक्ति हैं। चारों में कोई भी नहीं चाहेगा कि भारत उसकी जगह ले। इसलिए चारों महाशक्ति तो भारत को महाशक्ति के रूप में उभरने से रोकने का प्रयास करेंगी ही। खासकर चीन व अमरीका तो बिलकुल नहीं चाहेंगे की भारत पांचवी से चौथी व फिर तीसरी आर्थिक महाशक्ति बने। इसके लिए जरूरी है कि भारत के भीतर ही ऐसे हालत पैदा कर दिए जाएं कि वहां आर्थिक व राजनीतिक अस्थिरता फैल जाए और भारत की विकास की गति धीमी हो जाए।इसके लिए चीन व अमरीका खुद सामने आकर कुछ नहीं करते हैं, उनके पास बहुत पैसा है, इसलिए वह अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, खोजी पत्रकारिता करने वाली कंपनियों को पैसा देते हैं कि वह किसी भी तरह से भारत में आर्थिक अराजकता और राजनीतिक अराजकता पैदा करे। हिंडनबर्ग ऐसी ही एक कंपनी है जिसे अमरीका अपने टूल किट की तरह इस्तेमाल करता है। अमरीका के लिए चीन पहले ही चुनौती बना हुआ है। पिछले दस साल से भारत भी अमरीका के लिए विश्व राजनीति में चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। अमरीका चाहता है कि भारत दूसरे देशों की तरह उसका पिछलग्गू बन जाए लेकिन मोदी के स्वतंत्र विदेश नीति के चलते अमरीका अपने प्रयास में सफल नहीं हुआ है। अमरीका अपनी असफलता खीझ कर ही पहले बांग्ला देश हसीना सरकार को सबक सिखाया कि अमरीका का कहना नहीं मानने का परिणाम क्या होता है। हकीकत में हसीना सरकार बांग्ला देश में मजबूत स्थिति में थी तो पीएम मोदी की सहायता के कारण। एक तरह से अमरीका ने हसीना सरकार का तख्तापलट कर भारत को संदेश दिया है कि अमरीका के पक्ष में रहने में ही फायदा है। पीएम मोदी ने रूस का दौरा कर अमरीका को संदेश दे दिया था कि भारत की विदेश नीति किसी के इशारे पर नहीं चलती है। इसलिए बांग्लादेश के जरिए अमरीका ने संदेश दिया है कि भारत के लिए अब मौका है कि वह अमरीका जैसा चाहता है वैसा करे। हिंडनब्र्ग जैसी संस्थाओं के जरिए विदेशी ताकते भारत में आर्थिक व राजनीतिक अराजकता फैलाना चाहती है। वह यहां शेयर बाजार में कभी भी उलट पलट कर निवेशकों को डराना चाहती है कि भारत में निवेश करना नुकसानसानदायक है। हिंडनबर्ग भारतीय शेयर बाजार को पिछली बार नुकसान पहुंचाने में सफल रहा लेकिन दूसरी बार वह भारतीय शेयर बाजार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका। इस बार भारतीय शेयर बाजार ने हिंडनबर्ग को बता दिया कि अब उसकी किसी रिपोर्ट पर भारतीय यकीन नहीं करते हैं। कहा जाता है कि काठ की हांडी एक बार चढ़ती है, एक बार हिंडनबर्ग भारतीय शेयर बाजार को नुकसान पहुंचाने में सफल रहा। इस बार सब लोग सजग थे, इसलिए हिंडनबर्ग की रिपोर्ट कोई धमाका नहीं कर सकी। देश के कांग्रेस सहित राजनीतिक दलों ने ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की जैसे देश में कोई महाघोटाला हो गया है और उसकी पोल हिंडनबर्ग खोल रहा है। हिंडनबर्ग ने आर्थिक अराजकता फैलाने का प्रयास किया और कांग्रेस सहित कई दलों ने राजनीतिक अराजकता फैलाने का प्रयास किया और दोनों ही असफल रहे। हिडनबर्ग के पास अडानी के खिलाफ तो कुछ नया नहीं था, सेवी ने उसको कारण बताओ नोटिस जारी कर उसकी साख पर ही सवालिया निशान लगा दिया था। इसलिए इस बार हिंडनबर्ग ने अडानी की जगह सेवी की चेयरपरसन को निशाना बनाया ताकि उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर देश के लोगों में यह शक पैदा किया जा सके कि सेवी ने अडानी के मामले की जांच ठीक से नहीं की। अडानी वाले मामले में सेवी ने अडानी को क्लीन चिट दी है तो हिंडनबर्ग तो यही कर सकता था कि जांच को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया जाए। ऐसा वह सेवी के चेयरपरसन के पुराने निवेश के मामले को उठाकर किया। लेकिन वह पूरी तरह सफल नहीं हुआ क्योंकि सेवी के चेयरपरसन ने तो पुराने निवेश के मामले को पहले ही सार्वजनिक कर दिया था। हिंडनबर्ग जो जानकारी सार्वजनिक है, उसी का उपयोग सेवी चेयरपरसन के खिलाफ करके सोच रहा था कि वह कोई खोजी पत्रकारिता कर रहा है, लेकिन इससे उसकी साख पर ही सवालिया निशान लग गया है। रही सही कसर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के साथ जारी डिसक्लेमर ने पूरी कर दी है।

विश्लेषण

ललित गर्ग

# विकसित भारत को गढ़ने के संकल्पों का उद्बोधन





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लालकिले की प्राचीर से 78वें स्वतंत्रता दिवस का अब तक का सबसे लम्बा 98 मिनट का 11वां राष्ट्रीय उद्बोधन एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की बानगी है। जो आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये लोगों को ऊंचे सपने देखने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान की वैश्विक एवं राजनैतिक चुनौतियों को भविष्य की अपनी दृष्टि पर हावी नहीं होने दिया। यह उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। लालकिले से जब देश का प्रधानमंत्री बोलता है तो वह भारत के महान लोकतंत्र की उस आत्मा को साकार करता है जो इस देश के 140 करोड़ देशवासियों के भीतर बसती है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन को वास्तविकता की रोशनी में नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत के रूप में देखा जाना चाहिए। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को जरूरी बताने के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से लेकर रिफार्म्स तक, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से लेकर गवर्नेंस मॉडल, रोजगार, व्यापार, रक्षा, चिकित्सा समेत कई विषयों की चर्चा की। उन्होंने न्यायिक सुधारों पर आगे बढ़ने का भी संकेत दिया। इसके साथ ही वह विपक्ष को निशाना बनाने से नहीं चूके और सरकार का एजेंडा उन्होंने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। निश्चित ही अब तक हुए लालकिले की प्राचीर के उद्बोधनों में सर्वाधिक प्रेरक, संकल्पमय एवं विकसित भारत की इबारत लिखने वाला यह उद्बोधन रहा। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली महानायक का आह्वान है।

प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में खास एवं ऐतिहासिक होने की अनुगूंजें इस उद्बोधन में साफ सुनाई दी, जैसाकि उनके पूर्व के दो कार्यकाल इस लिहाज खास रहे हैं कि उनकी पार्टी के जिन लक्ष्यों को राजनीति की अन्य धाराएं लगभग नामुमकिन मानती थीं, उन्हें देश के अजेंडा का हिस्सा बनाते हुए हासिल कर लिया गया। चाहे वह अयोध्या में राममंदिर बनाने की बात हो या अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म करने की। तीसरे कार्यकाल में ऐसा ही एक और लक्ष्य है कॉमन सिविल कोड जो राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना बाकी है। मोदी ने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के रूप में इसका जिक्र करके यह संकेत दिया है कि इसे देशवासियों के लिए स्वीकार्य बनाना और लागू करना उनकी सरकार की प्राथमिकता में काफी ऊपर है। उनके शब्दों में मौजूदा सिविल कोड एक तरह से साम्प्रदायिक नागरिक संहिता है। देश को ऐसे सिविल कोड की जरूरत है, जिससे धर्म के आधार पर भेदभाव से मुक्ति मिले। जब देश में अधिकतर मामलों में नागरिकों पर एक समान कानून लागू होते हैं तो फिर अलग-अलग धर्मों के अपने अलग-अलग लॉ भारत के संविधान पर सवालिया निशान लगाते दिखाई दे रहे हैं। मोदी देश में बार-बार होने वाले चुनावों को विकास की राह में बाधा मानते हैं और यह कोशिश करते रहे हैं कि पूरे देश में एक साथ चुनाव होने लगें। लेकिन हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटें कम होने के बाद उनकी पार्टी और सरकार का यह अजेंडा आगे बढ़ना मुश्किल भले ही माना जा रहा हो, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में इसका भी जिक्र करते हुए यह संकेत दिया कि इस दिशा में उनकी सरकार के प्रयास जारी रहेंगे। इन सबके साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की खास उपलब्धियों और उसके सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र करना नहीं भूले।

अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं वाले इस बार के उद्बोधन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखा गया, उससे यही स्पष्ट हुआ कि वह अपने इस एजेंडे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद भी वह अपने लक्ष्य से डिगे नहीं हैं। इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने आंतरिक और बाहरी चुनौतियों की चर्चा करते समय बांग्लादेश के हालात का भी जिक्र किया और वहां के हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने एक ओर जहां जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति पर प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर कोलकाता की दिल दहलाने वाली घटना को ध्यान में रखते हुए नारी सुरक्षा की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने यह कहकर देश की राजनीति में व्यापक परिवर्तन लाने की भी पहल की कि आने वाले समय में एक लाख ऐसे युवाओं को अपनी पसंद के राजनीतिक दलों में सक्रिय होना चाहिए, जिनके परिवार के लोग पहले कभी राजनीति में न रहे हों। निश्चित ही भारतीय राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति एवं नए विचारों और नई ऊर्जा से ओतप्रोत युवा नेताओं की आवश्यकता है।

यह ऐतिहासिक उद्बोधन कोरा राजनीतिक उद्बोधन न होकर राष्ट्रीयता को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने का सशक्त आह्वान है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय मोदी को दिया जाना कोई अतिशयोक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। हर भारतवासी मोदी के उद्बोधन से इसलिये भी प्रेरित एवं प्रभावित हुए है कि ह्यमिशन मोडह्न पर ह्यइज ऑफ लिविंगह्न को पूरा करने के अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए उसे आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने व्यवस्थित मूल्यांकन, बुनियादी ढांचे और सेवाओं में सुधार के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की बहुत जरूरी बात कही है। उन्होंने भारत में जीवन को आसान बनाने की अपेक्षा की, ताकि अमीरों एवं युवा प्रतिभाओं के पलायन को रोका जा सके। मोदी ने देश की जनता में जोश एवं संकल्प जगाते हुए ऐसा ही कुछ कहा जो जीवन की अपेक्षा को न केवल उद्घाटित करता है, बल्कि जीवन की सच्चाइयों को परत-दर-परत खोलकर रख देते हैं। ह्यविकसित भारतह्न की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा को रेखांकित करते हुए कह रहा है कि देश किन्हीं समस्याओं पर थमे नहीं, रूके नहीं, क्योंकि समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर। यही भावना सबल सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत ने पिछले 78 वर्षों में जो प्रगति की उडान अपनी विविधता को संजाये हुए भरी है उससे पूरी दुनिया हैरत में है। बड़े-बड़े देश अब भारत के लोगों के विकास, ज्ञान और उनकी मेहनत के दीवाने हैं। दुनिया के हर कोने में भारतीय अपना झंडा गाड़ रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। उन्होंने नवाचार के इच्छुक उद्यमियों को विशेष रूप से संबोधित किया गया। भारत का निर्यात बढ़ना जरूरी है और इसके लिए ऐसे उत्पाद बनाने की जरूरत है, जिनकी विश्व स्तर पर मांग हो। देश में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ाने के मकसद से अगले पांच वर्षों में 75000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने की घोषणा महत्वपूर्ण है। ऐसी ही घोषणाओं से भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो सकेगा।

## आज का राशिफल

मेष-दिन लाभदायक रहेगा। आज अचानक ही कोई बड़ा खर्चा आएगा। अपने बजट का ध्यान रखें। किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार के साथ कुछ कलह की स्थिति बन सकती है। एकांत में रहने या आत्ममनन करने से मानसिक शांति मिलेगी। आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ हो सकता है। स्वास्थ्य के मामले में आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए लाभ के योग बन रहें हैं।

वृषभ-आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने दिन की शुरुआत करेंगे। पिछले कई दिनों से चल रही व्यस्तता आज कुछ कम होगी। आज कुछ समय खुद के लिए भी निकालेंगे। आत्ममनन करने से आपको कई समस्याओं का समाधान मिलेगा, साथ ही मानसिक शांति भी रहेगी।

मिथुन-आज आप पारिवारिक माहौल और कार्य क्षेत्र दोनों में आपको तालमेल बना कर चलना चाहिए, आपको प्रसन्नता मिलेगी। आज आप बड़े बुजुर्गों और वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान में कमी नहीं आने देगे। कुछ नजदीकी संबंधों को खराब होने से बचाने के लिए आपको अगर झुकना पड़े तो शर्मिंदगी ना महसूस करें।

कर्क-आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके मान-सम्मान में वृद्धि होगी , पार्टी में उनको कोई उच्च पद भी मिल सकता है। भावुकता में आकर आप जल्दबाजी में कोई गलत निर्णय भी ले लेंगे, इसलिए दिल की बजाय दिमाग से काम लें। समाज में भी लोगों के बीच आपकी अच्छी बातचीत बनेगी। जो युवक जॉब की तलाश में हैं, उन्हें आज जॉब मिलने के असार हैं।

सिंह-आज का दिन आपके लिए शुभ व सकारात्मक रहेगा। आज कार्यस्थल पर मेहनत के परिणाम मन मुताबिक न मिलने से कुछ उदासी रहेगी। साझेदारी के व्यवसाय में पारदर्शिता बनाकर रखेंगे। दूसरों की बातों में ना आकर अपनी कार्य क्षमता पर ही विश्वास करेंगे तो काम करने में आसानी होगी। कार्यक्षेत्र में अपने प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें। जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं।

कन्या-आज कोई रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है या कोई रुका हुआ आय का स्रोत भी फिर से शुरू हो सकता है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने से आपको हार्दिक खुशी मिलेगी। आपके विनम्र स्वभाव की वजह से घर और समाज में आपकी तारीफ होगी।

तुला-आपके लिए आज का दिन अत्यंत शुभ है। आज संबंधों में मधुरता लाने के लिए छोटी-मोटी नकारात्मक बातों को नजरअंदाज करना जरूरी है और आपसी वार्तालाप से गिले-शिकवे दूर करेंगे। घर के बदलाव संबंधी विषयों पर भी महत्वपूर्ण चर्चा होगी। आपके मार्गदर्शन में किसी पारिवारिक सदस्य की कोई समस्या भी दूर हो सकती है। अगर प्रॉपर्टी से संबंधित कोई गतिविधि चल रही है, तो बहुत ही सावधानी बरतने की जरूरत है।

वृश्चिक-आपने कारोबार में नए काम की शुरुआत की है तो आज उसमें अच्छा मुनाफा रहेगा। मीडिया, प्रिंटिंग जैसे कार्यों में कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। नौकरीकर रहे लोगों को अपनी इच्छा के विपरीत कोई कार्यभार मिल सकता है। आपको कोई महत्वपूर्ण काम मिल सकता है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी।

धनु- दिन नई उमंग लेकर आएगा। आज आजीविका के लिए प्रयास करेंगे, नौकरी से जुड़े लोगों एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए लाभ के संकेत हैं। आमदनी बढ़ सकती है। आज जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया आपको हर परिस्थिति में खुश रहने का तरीका बताएगा। आपका रहन-सहन और बोलचाल का तरीका लोगों को आपकी तरफ आकर्षित रखेगा।

मकर- आपके लिए यात्रा के योग बन रहें हैं। आज परेशानियों से निपटने के लिए नए शिरे से शुरुआत करेंगे। आज व्यवस्थित कार्य प्रणाली रखने से आपके कार्य आसान हो जाएंगे। कुछ प्रभावशाली और अनुभवी लोगों के साथ मुलाकात का अवसर मिलेगा और कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी हासिल होगी। यदि आप नया मकान खरीदने के लिए सोच रहे हैं तो अपने बड़ों की सलाह लेते समय मन को शांत रखें।

कुंभ- पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी योजना में सफल होंगे। आज बातचीत के माध्यम से कई मसलों का हल व समाधान मिलेगा। अगर पुश्तैनी जमीन-जायदाद संबंधी कोई काम रुका हुआ है, तो आज उसको हल करने का उचित समय है।

मीन- आर्थिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने के लिए समय अनुकूल है। इस समय व्यक्तिगत संबंधी निर्णय लेने जा रहे हैं तो देर ना करें। ऐसा करना आपके लिए सुखदाई रहेगा। परिवार से संबंधित कोई दायित्व पूरा करने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा। आज बेटे की जॉब लगने से आपको खुशी मिलेगी।

## व्यंग्य - रिश्तों की जुगलबंदी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा



गांव का माहौल हमेशा ही गर्म रहता है, लेकिन आज कुछ ज्यादा ही गर्म था। पंचायत के बीचों-बीच बैठे रामू काका, जो अपनी वृद्धावस्था के बावजूद हर मामले में टांग अड़ाने में माहिर थे, कुछ सोच में डूबे हुए थे। यह वो समय था जब लोग अपने दुखों से ज्यादा दूसरों के सुखों पर चर्चा करते थे।

गांव के सरपंच, भोलू चाचा, जो अपने ज्ञान और चतुराई के लिए कुख्यात थे, ने रामू काका से कहा, ₹काका, आजकल के लोग तो ऐसे हो गए हैं, जैसे बिना नमक का खाना। हर कोई खुद को तीसमारखां समझता है, लेकिन दिमाग में भूसा भरा हुआ है।

रामू काका ने अपने चश्मे को ठीक करते हुए कहा, ₹भोलू, आजकल के रिश्ते भी तो वैसे ही हैं। आजकल लोग रिश्तों को ऐसे निभाते हैं, जैसे घर में फालतू पड़ी चीजों को; जब मन किया उठाया, जब मन किया छोड़ दिया।

पंचायत में बैठे अन्य लोग भी ध्यान से रामू काका और भोलू चाचा की बात सुन रहे थे। तभी वहां गांव के स्कूल मास्टर जी आ गए। मास्टर जी के चेहरे पर कुछ झुंझलाहट थी, जो उनके शब्दों में भी झलक रही थी, ₹अरे भाई, आजकल के बच्चों का क्या हाल कहूं। पढ़ाई में तो वैसे ही पिछड़े हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर ऐसे एक्टिव रहते हैं, जैसे दुनिया का सारा ज्ञान वहीं मिल जाएगा।

रामू काका ने चुटकी लेते हुए कहा, ₹मास्टर जी, यही तो आजकल की पढ़ाई का कमाल है। बच्चे स्कूल कम और व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी ज्यादा जाते हैं। ज्ञान तो ऐसे फेंकते हैं कूड़े के डिब्बे में कूड़ा। अगर मूर्खता का मीटर लगे तो सबके नाप के हिसाब से अलग-अलग मीटर लगाना पड़ेगा।

मास्टर जी भी हंस पड़े और बोले, ₹काका, सही कह रहे हो। जब बच्चे पूछते हैं कि 'मास्टर जी, इस सवाल का जवाब गूगल पर नहीं मिला', तो मैं भी कह देता हूं–'बेटा, गूगल भी अब तुम्हारी कक्षा का विद्यार्थी हो गया है।'

इतने में गांव के सबसे अमीर व्यक्ति, लाला जी, जो अपने धन के घमंड में रहते थे, वहां आ धमके। लाला जी ने पंचों की तरफ घूरते हुए कहा, ₹क्यों भई, यहां तो खूब चर्चा चल रही है। लेकिन कोई ये क्यों नहीं मानता कि पैसे से सब कुछ खरीदा जा सकता है? आखिर पैसे से ही तो इज्जत, शोहरत और रिश्ते बनते हैं।

रामू काका ने लाला जी को ध्यान से देखा और बोले, ₹लाला जी, आपका कहना बिल्कुल सही है। लेकिन पैसा कुत्ता होता है, आदमी के पीछे-पीछे चलता है। लेकिन जब आदमी गिरता है, तो उसे चाटकर चला जाता है।

लाला जी थोड़े असहज हो गए, लेकिन उन्होंने अपनी बात को बदलते हुए कहा, ₹काका, आजकल के लोग ही ऐसे हैं, जो पैसे के पीछे भागते हैं। रिश्ते तो बस नाम के रह गए हैं।

## नींद की कमी से नुकसान

हमारी भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर नींद को सबसे कम तवज्जो देते हैं। युवाओं में ज्यादातर ये देखा जाता है कि वो दिन में काम करते हैं और रात को देर तक जागकर मौज-मस्ती करते हैं। लेकिन वो अक्सर इस बात को भूल जाते हैं कि नींद की कमी (छूं' ङ्म र'ीस्र) सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकती है। सोते वक्त हमारा शरीर सिर्फ आराम ही नहीं करता, बल्कि रिकवर भी करता है। इसलिए नींद पूरी न होने की वजह से सेहत को कई नुकसान हो सकते हैं। आइए इस बारे में और गहराई से जानते हैं। इस बारे में काफी कम लोग जानते हैं कि नींद की कमी की वजह से व्यक्ति आसानी से मोटापे का शिकार बन सकता है। इसके पीछे की वजह है कि नींद घेरलिन और लेप्टिन हार्मोन्स को कंट्रोल करती है। जब हमारी नींद पूरी नहीं होती, तब हमारा शरीर ज्यादा मात्रा में घेरलिन हार्मोन रिलीज करता है, जिसके कारण ज्यादा भूख लगती है। इस वजह से व्यक्ति ज्यादा खाना खाता है और उसका वजन बढ़ सकता है। साथ ही, नींद की कमी की वजह से कॉर्टिसोल हार्मोन भी रिलीज होता है, जो शरीर में सूजन की समस्या को बढ़ा सकता है। लंबे समय तक ऐसा होने की वजह से मोटापे की समस्या भी हो सकती है।

स्मरण

विवेक रंजन श्रीवास्तव

# नारी विमर्श की मुखर अभिव्यक्ति है सुभद्रा कुमारी चौहान की कथा



सुभद्रा कुमारी चौहान की खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी, हिन्दी के सर्वाधिक पढ़े व गाये गये गीतों में से एक है। यह गीत स्वयं में गीत से अधिक वीर गाथा की एक सच्ची कहानी ही है ! जिसमें कवयित्री ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन के सारे घटना क्रम को एक पद्यात्मक कहानी के रूप में इस सजीवता से प्रस्तुत किया है कि पाठक या श्रोता वीर रस से भाव विभोर हो उठता है। यह रचना उनकी पहचान बन गई है। इस गीत की संगीत बद्ध प्रस्तुतियां किसी भी देश राग के आयोजन को ओजस्विता से भर देती है। जबलपुर की ही साधना उपाध्याय जी के दल ने इस गीत पर बेहद खूबसूरत नृत्य नाटिका तैयार की है जिसकी अनेक प्रस्तुतियां जगह जगह हुई हैं।

किसी भी मनुष्य का व्यक्तित्व एवं उसका बौद्धिक विकास, उसके परिवेश, देश, काल, परिस्थिति के अनुरूप होता है। सुभद्रा कुमारी चौहान एक साथ ही प्रगतिशील नारी, गृहिणी, मां, कवि, लेखिका, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जननेत्री व राजनेता थीं। वे जमीन से जुड़ी हुई थीं, अतः उनके अनुभवों का संसार बहुत विशाल था। उन दिनो स्वतंत्रता आंदोलन चल रहा था। भारतीय समाज में जातिगत, वर्गगत, धर्मगत, लिंगगत रूढि?ां अपने चरम पर थीं। पर्दा प्रथा, बाल विवाह, छुआ छूत, दहेज प्रथा, बहुविवाह, नारी उत्पीडन, सती हो जाने जैसी कुप्रथायें उनके समय समाज में स्त्रियों की प्रगति की बाधा बनी हुईं थी। अपनी कहानियों से सुभद्रा जी ने इन कुप्रथाओ के विरुद्ध भरपूर आवाज उठाई। यही कारण है कि उनके साहित्य में कहीं भी नाटकीयता व बनावटीपन नहीं है वरन्‌ वह हृदय स्पर्शी, वास्तविकता के निकट जन मन की अभिव्यक्ति बन पड़ा है। उन्होने महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में हिस्सेदारी निभाई स्वाभाविक है कि उनकी लेखनी ने देश प्रेम के मनोभावो का चित्रण अपनी कविता कहानियो में भी किया। सुभद्रा जी का जन्म 1904 में इलाहाबाद के निकट निहालपुर नामक गांव में रामनाथसिंह के जमींदार परिवार में हुआ था। उनके पिता के अलावा पति लक्ष्मण सिंह , सखी महादेवी वर्मा, ने उनके व्यक्तित्व निर्माण में भरपूर सहयोग किया। उन्होंने जो भी लिखा है वह सब का सब मर्मस्पर्शी, उद्देश्यपूर्ण व शाश्वत बन कर हिन्दी साहित्य की धरोहर के रूप में सुप्रतिष्ठित है। केवल कक्षा 9वीं तक शालेय शिक्षा प्राप्त हुई महिला अपने अनुभवो के आधार पर कितना प्रौढ़ व परिपक्व लिख सकती है इसका सशक्त उदाहरण सुभद्रा जी हैं।

बिखरे मोती उनका पहला कहानी संग्रह है, इसमें भग्नावशेष, होली, पापीपेट, मंझलीरानी, परिवर्तन, दृष्टिकोण, कदम के फूल, किस्मत, मछुये की बेटी, एकादशी, आहुती, थाती, अमराई, अनुरोध, व ग्रामीणा कुल 15 एक दूसरे से बढ़कर कहानियां हैं ! इन कहानियों की भाषा सरल बोलचाल की भाषा है। अधिकांश कहानियां नारी विमर्श पर केंद्रित हैं। उनकी कथा दृष्टि की सबसे महत्वपूर्ण बात यही है कि नारी मुक्ति व प्रगति जो शायद उनके समय के लिये नव चेतना थी पर उन्होंने बहुत स्पष्ट तथा खुलकर लेखन किया। उनके स्वयं के देश व साहित्य के लिये समर्पित जीवन का प्रभाव उनकी व्यापक सार्वभौमिक लेखनी पर स्पष्ट दिखता है। उनकी कहानियां नारी विमर्श की अग्रिम पंक्ति की संवाहिका हैं। सुभद्रा कुमारी चौहान के समूचे साहित्य की सफलता जिस आधारभूत तथ्य पर केंद्रित है, वह मेरे पास उपलब्ध बिखरे मोती कहानी संग्रह की प्रति पर एक मित्र के द्वारा दूसरे को पुस्तक भेंट करते हुये की गई टिप्पणी है। जिसमें स्याही वाली कलम से सुंदर अक्षरो में अंकित है ये कहानियां तुम्हें प्रेरणा देंगी, जन्म दिवस पर सप्रेम भेंट जो इन कहानियों की लोकप्रियता, उपयोगिता व आम पाठक का साहित्य अनुराग प्रदर्शित करती है। आज कितने पाठक स्वयं पुस्तकें खरीद कर पड़ते हैं? भेंट करना तो बाद की बात है। ऐसी रुचिकर हृदय स्पर्शी कितनी कहानियां लिखी जा रहीं है कि वे पाठकों के बीच चर्चा का विषय बन जावें? उनकी कहानियां कृत्रिम , सप्रयास लिखी नहीं लगती। वे तो आसपास से ही उठाई गई विषय वस्तु की तरतीब से प्रस्तुति ही हैं !

उन्मादिनी शीर्षक से उनका दूसरा कथा संग्रह 1934 में छपा। इस में उन्मादिनी, असमंजस, अभियुक्त, सोने की कंठी, नारी हृदय, पवित्र ईर्ष्या, अंगूठी की खोज व वेश्या की लड़की कुल 8 कहानियां हैं।इन सब कहानियों का मुख्य स्वर पारिवारिक व सामाजिक परिदृश्य ही है।

कहानी नारी हृदय में प्रमिला के 3 पत्रों के माध्यम से हमें यह समझने को मिलता है कि तत्कालीन समय में स्त्रियां कितनी विवश थीं ।

एक पत्रांश उधृत है मेरे स्वामी ......परमात्मा ने स्त्री-जाति के हृदय में इतना विश्वास, इतनी कोमलता और इतना प्रेम शायद इसीलिए भर दिया है कि वह पग-पग पर ठुकराई जावे। जिस देवता के चरणों पर हम अपना सर्वस्व चढ़ाकर, केवल उसकी कृपा-दृष्टि की भिखारिन बनती है, वही हमारी तरफ आँखें उठाकर देखने में अपना अपमान समझता है। माना कि मैं समाज की आँखों में आपकी कोई नहीं। किंतु एक बार अपना हृदय तो टटोलिए, और सच बतलाइए क्या मैं आपकी कोई नहीं हूँ। समाज के सामने अग्नि की साक्षी देकर हम विवाह-सूत्र में अवश्य नहीं बँधे, किंतु शिवजी की मूर्ति के सामने भगवान्‌-शंकर को साक्षी बनाकर क्या आपने मुझे नही अपनाया था? यह बात गलत तो नहीं है। मैं जानती हूँ कि आप यदि मुझसे बिलकुल न बोलना चाहें, तब भी मैं आपकी कुछ नहीं कर सकती। यदि किसी से कुछ कहने भी जाऊँ तो सिवा अपमान और तिरस्कार के मुझे क्या मिलेगा ? आपको तो कोई कुछ भी न कहेगा, आप फिर भी समाज में सिर ऊँचा करके बैठ सकेंगे। किंतु मेरे लिए कौन-सा स्थान रहेगा ? अभी रूखा-सूखा टुकड़ा खाकर, जहाँ रात को सो रहती हूँ, फिर वहाँ से भी ठोकर मारकर निकाल दी जाऊँगी, और उसके बाद गली-गली की भिखारिन बन जाने के अतिरिक्त मेरे पास दूसरा क्या साधन बच रहेगा? संभव है आप मुझे दुराचारिणी या पापिन समझते हों; और इसीलिए बहुत सोच-विचार के बाद आपने मुझसे संबंध-त्याग में ही कुशलता समझी हो, और पत्र लिखना बंद कर दिया हो।...अभागिनी प्रमिला।

कहानी का अंत सकारात्मक करते हुये सुभद्रा जी ने लिखा ...पत्नी ने कहा ... तुम बड़े कठोर हो, उसने मुँह फेरे-फेरे उत्तर दिया।

'क्यों? मैंने उसका मुँह अपनी तरफ फेरते हुए पूछा, 'मैं कठोर कैसे हूँ?

अपनी आँखों के आँसू पोंछती हुई वह बोली, यदि तुम निभा नहीं सकते थे, तो उस बेचारी को इस रास्ते पर घसीटा ही क्यों?

मुझे हँसी आ गई, हालाँकि प्रमिला के पत्रों को पढ? के बाद, मेरे हृदय में भी एक प्रकार का दर्द-सा हो रहा था। मुझे स्त्रियों की असहायता, उनकी विवशता और उनके कष्टों से बड़ी तीव्र मार्मिक पीड़ा हो रही थी।

मैंने किंचित मुस्कराकर कहा, पगली। यह पत्र मेरे लिए नहीं लिखे गए। कविताओं की स्थिति हिन्दी साहित्य में अजब सी है , हमारा सारा पुरातन साहित्य काव्य में ही है, पर सुभद्रा जी के समय भी पत्रिकायें कविताओ पर पारिश्रमिक नहीं देते थे। उनसे संपादकगण गद्य रचना चाहते थे और उसके लिए पारिश्रमिक भी देते थे। समाज की अनीतियों से उत्पन्न जिस पीड़ा को वे व्यक्त करना चाहती थीं , उसकी अभिव्यक्ति का उचित माध्यम गद्य ही हो सकता था, अतः सुभद्रा जी ने कहानियों की विधा को अपनाया। उनकी कहानियों में देश-प्रेम के साथ-साथ समाज को, अपने व्यक्तित्व को प्रतिष्ठित करने के लिए संघर्षरत नारी की पीड़ा और विद्रोह का स्वर मिलता है। साल भर में ही उन्होंने पहला कहानी संग्रह बिखरे मोती ही लिख डाला। बिखरे मोती छपवाने के लिए वे इलाहाबाद गईं। बिखरे मोती पर सुभद्रा जी को सेकसरिया पुरुस्कार भी मिला। उनकी अधिकांश कहानियाँ सत्य घटनाओ की लोकव्यापी प्रस्तुतियां हैं। देश-प्रेम के साथ-साथ उनमें गरीबों के प्रति सच्ची सहानुभूति मिलती है।

उनकी कहानियों में जहाँ स्त्री सरोकारों की बात दिखती है तो वे सामाजिक, राजनीतिक विसंगतियों की कसौटी पर भी खरी हैं। उनकी कहानियाँ स्वतंत्रता आंदोलन के दौर की नारी का मानसिक पटल प्रस्तुत करती हैं। आजादी के पूर्व की भारतीय नारी की दशा और दिशा के आकलन में वे हमारी बड़ी मदद करती हैं।

उनकी नारी केवल राजनीतिक आजादी नहीं चाहती बल्कि सभी प्रकार की गुलामी से मुक्ति चाहती है। वह स्वतंत्रता नहीं, स्वराज्य चाहती है। परतंत्रता नहीं, स्वानुशासन चाहती है। रूढि?ें-बंधनों से मुक्त होकर वह स्वनियंत्रण में रहना चाहती है। सुभद्रा जी की सभी कहानियों को हम एक तरह से सत्याग्रही कहानियाँ कह सकते हैं। उनकी स्त्रियाँ सत्याग्रही स्त्रियाँ हैं। दलित चेतना और स्त्रीवादी विमर्श को उठाने वाली सुभद्राकुमारी चौहान हिंदी की पहली कहानीकार हैं। सीधेसाधे चित्र सुभद्रा कुमारी चौहान का तीसरा व अंतिम कथा संग्रह है। इसमें कुल 14 कहानियां हैं। रूपा , कैलाशी नानी, बिआल्हा, कल्याणी , दो साथी, प्रोफेसर मित्रा, दुराचारी व मंगला 8 कहानियों की कथावस्तु नारी प्रधान पारिवारिक सामाजिक समस्यायें हैं। हींगवाला , राही, तांगे वाला एवं गुलाबसिंह कहानियां राष्ट्रीय विषयों पर आधारित हैं। उनके कथा संग्रहों में कुल 38 कहानियाँ (क्रमशः पंद्रह, नौ और चौदह) प्रकाशित हैं। सुभद्रा जी की समकालीन स्त्री-कथाकारों की संख्या अधिक नहीं थीं। अपनी व्यापक कथा दृष्टि से वे एक लोकप्रिय नारी विमर्श की ध्वज वाहिका कथाकार के रूप में हिन्दी साहित्य जगत में सुप्रतिष्ठित हैं। समय के साथ भले ही सुभद्रा जी की कहानियो के परिवेश का वर्णन पुराना पड़ गया हो किन्तु आज भी देश भक्ति की भावना , और आज की स्त्रियो के मयार्दा पूर्ण स्वातंत्र्य की प्रेरणादायी इन कहानियों की प्रासंगिकता यथावत बनी हुई है।

## एक नजर

### कुआकोंडा में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया



**किरंदुल, 17 अगस्त।** एएम/एनएस इंडिया किरंदुल के सहयोग से कोडेनार के विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन किया।इसके साथ ही एएम/एनएस इंडिया किरंदुल के सहयोग द्वारा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कुआकोंडा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया किरंदुल की सीएसआर टीम, कोडेनार और कुआकोंडा स्कूल के प्रिंसिपल्स, शिक्षक, एवं अभिभावकों सहित समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी छात्रों को प्रेरित करने और समाज में अपना योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कम्पनी द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है,जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों का मनोबल बढ़ाना है। जिससे वे ना केवल अपने देश और समाज के प्रति बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति भी अधिक जागरूक हो सके।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री ने राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली मोबाइल एप का किया शुभारंभ

**सुकमा,17 अगस्त ।** 78 वीं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतवासियों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कीट निगरानी प्रणाली अंतर्गत कीटों के हमलों एवं फसल रोगों के बारे में त्वरित एवं सटीक जानकारी प्रदाय करने के उद्देश्य से माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कर कमलों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एनपीएसएस) मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेब पोर्टल का शुभारंभ किया गया, इस एप्प के माध्यम से कृषक, फसलों को कीट एवं बीमारी से बचाव के उपाय प्राप्त कर फसलों की सुरक्षा कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग, सुकमा के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विभाग के उपसंचालक श्री पीआर बघेल एवं अध्यक्ष वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एचएस तोमर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 60 से अधिक किसान, 25 से अधिक कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से करीब 15 अधिकारी व कर्मचारियों की भागीदारी रही । इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा द्वारा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें सुकमा जिले मे अभी धान में बढ़ाव की अवस्था में धान मे लगने वाले तना छेदक व पत्ती लपेट कीट या सोरटी का प्रकोप दिखाई देना शुरू हो गया है। जिसमे प्रशिक्षण में कीट की पहचान, क्षति के लक्षण, जीवन चक्र व एकीकृत कीट प्रबंधन के बारे में (विषय वस्तु विशेषज्ञ) डॉ. योगेश कुमार सिदार द्वारा विस्तार से बताया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम सहायक (मछली पालन) डॉ. संजय सिंह राठौर ने मछली पालन, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. परमानंद साहू ने दलहनी एवं तिलहनी फसलों में कृषि यंत्रों का उपयोग, विषय विशेषज्ञ (पादप रोग विज्ञान) श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने धान फसल में रोग नियंत्रण के उपाय तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस.तोमर ने कृषि में उत्पादकता और आय बढ़ाने में नई - नई विकसित सभी फसलो की किस्मों की विशेषताओं और उपयोगिता पर जानकारी दी।

### ग्रामसभा का आयोजन 20 से 26 अगस्त तक

**कांकेर, 17 अगस्त ।** कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में 20 से 26 अगस्त 2024 तक ग्राम सभा आयोजन हेतु निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम सभाओं का आयोजन अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित करें ताकि एक ही तिथि को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्रामसभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्रामसभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर मुनादी कराएं।

# महिला डॉक्टरों से दुर्व्यवहार, विधायक का पीए तथा विहिप नेता पर एफआईआर दर्ज

- जिला अस्पताल में ओपीडी सेवा बंद, एमरजेंसी रही चालू
- महिला कांग्रेस ने जय स्तंभ चौक में विधायक चैतराम का फूंका पुतला
- आरोपियों की जल्द गिरफतारी हो, डॉक्टरों को मिले न्याय- तुलिका



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 17 अगस्त।** दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में महिला डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। एक दंपत्ति अपने बीमार बच्चे को दिखाने अस्पताल पहुंचा था। उसी समय अस्पताल में सफाई चल रहा था जिससे अस्पताल का गेट कुछ समय के लिए बंद रखा गया था । अंदर जाने से मना करने की बात पर अस्पताल के महिला डॉक्टरों के साथ उक्त दंपत्ति व उनके एक मित्र का जबरदस्त कहासुनी हो गया। मामला थाने तक पहुंच गया। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने इस मुद्दे पर डॉक्टरों का साथ देते हुए पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कारवाई की मांग की है। महिला कांग्रेस ने घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए विधायक का पुतला भी फूंक डाला। मामला तूल पकड़ते देख कोतवाली पुलिस ने 16 अगस्त की शाम में विधायक का पीए कमलेश नाग तथा विहिप नेता संतोष साहू के खिलाफ अप0क्र0 56/2024 धारा 296, 351, 132, 221 नर्सिंग एक्ट की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज कर लिया।

अस्पताल में डॉक्टरों के साथ हुए विवाद का पूरा मामला इस प्रकार है कि 15 अगस्त की दोपहर करीब 1 बजे के करीब विधायक चैतराम अटामी का पीए तथा पोंदुम अस्पताल में बतौर ड्रेसर कमलेश नाग अपनी पत्नि राजेश्वरी नाग के साथ अपनी बीमार बेटी के उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। उसी समय अस्पताल के अंदर पोछा सफाई का काम चल रहा था इस वजह से ओपीडी का मुख्य गेट थोडी देर के लिए बंद किया गया था। गेट बंद होने से अंदर नहीं जाने देने की बात पर कमलेश नाग, उनकी पत्नि अस्पताल के कर्मचारियों पर भड़क गए और बहसबाजी होने लगी। इसी बीच कमलेश ने फोन करके अपने मित्र विहिप के विभाग संयोजक संतोष साहू को भी बुला लिया। संतोष साहू व कमलेश नाग ने अस्पताल में अंदर नहीं आने देने की बात पर कर्मचारियों व डॉक्टरों के साथ भीड़ गए तभी डयूटी पर तैनात आवासीय चिकित्सा अधिकारी (आरएमए) प्रियंका सक्सेना भी वहां पहुंच गई उनके साथ भी बहसबाजी करने लगे। मामला ज्यादा बढ़ा तो सीएस कपिल देव कश्यप भी आ गए और फिर विवाद और ज्यादा बढ़ गया। विवाद बढ़ने के बाद आक्रोशित अस्पताल के समस्त डॉक्टरों ने 15 अगस्त की शाम कोतवाली पहुंच शिकायत दर्ज करवा दिया और डॉक्टरों के साथ अभद्रता करने वालों की गिरफतारी की मांग पर करने लगे। 16 अगस्त को जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने ओपीडी बंद रखकर विरोध जताया। इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा भी डॉक्टरों के साथ खड़ी नजर आई। तुलिका ने महिला कांग्रेस की टीम के साथ कोतवाली पहुंच आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआज दर्ज करने का दबाव बनाया तब कहीं जाकर 24 घंटे बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। पहले पुलिस मामला दर्ज नहीं कर रही थी क्योंकि दुर्व्यवहार करने वाले दोनों व्यक्ति पार्टी व संगठन से जुडे हुए थे इसलिए पुलिस असमंजस में थी कि क्या करे क्या न करे लेकिन जैसे ही विपक्षी पार्टी के महिला कांग्रेस एवं डाक्टरों का दबाव पुलिस पर बढ़ा 16 अगस्त की शाम दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया गया। तुलिका के नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए जय स्तंभ चौक पर एकत्र होकर नारेबाजी करते विधायक चैतराम अटामी का पुतला तक फूंक डाला और शासन प्रशासन से डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग की। तुलिका कर्मा ने डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफतारी की मांग की। ईधर कमलेश नाग उनकी पत्नि राजश्वेरी व विहिप नेता संतोष साहू ने पूरे मामले पर कहा है कि पुलिस ने डॉक्टरों के दबाव में आकर बिना जांच पड़ताल एक तरफा कारवाई की है जो गलत है। हमारे ओर से भी डॉक्टरों द्वारा गाली गलौच किए जाने संबंधी शिकायत पुलिस को दी गई थी मगर पुलिस ने हमारे आवेदन पर कोई संज्ञान नहीं लिया। संतोष साहू ने कहा कि हमने कोई गलत काम नहीं किया है ना ही अस्पताल का कोई नियम तोड़ा है। हमारे उपर लगाए गए आरोप पूरी तरह से झुठे एवं राजनीति से प्रेरित है। दबाव में आकर पुलिस ने बिना तथ्यों की जांच किए हमारे विरूद्ध एक तरफा मामला कायम किया है। हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है ।

## स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

**सुकमा,17 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर हरिस एस. और जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में बुधवार को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन जिला मुख्यालय सुकमा में किया गया। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।यह दौड़ सुबह 7 बजे जगदलपुर-दंतेवाड़ा चौक से प्रारंभ कर, घड़ी चौक होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा तक आयोजित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अपर कलेक्टर शगजेन्द्र ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर स्वतंत्रता दौड़ को रवाना किए और स्वयं भी दौड़ में भाग लिया और तिरंगा लहराते हुए इस यात्रा में



सभी ने देशभक्ति का प्रदर्शन किया। स्कूली छात्र-छात्राएं महापुरुषों एवं वीर देशभक्तों की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में शामिल हुए।स्वतंत्रता दौड़ के समापन उपरांत मिनी स्टैडियम सुकमा में भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने स्वतंत्रता दौड़ में शामिल धावकों को संबोधित किया। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ राष्ट्र के प्रति प्रेम भावना को दर्शाता है। उन्होने युवाओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करने समझाईश दी। उन्होने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी दी।स्वतंत्रता दौड़ में शामिल प्रतिभागियों ने जगदलपुर-दंतेवाड़ा चौक में बनाए गए सेल्फी जोन में तिरंगे के साथ सेल्फी भी लिया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जनप्रतिनिधि विश्वराज सिंह चौहान ने सभी को तिरंगा शपथ दिलाई और इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। जनप्रतिनिधिगण सहित जिला अधिकारियों और ब'चों गणमान्य नागरिकों ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली और कैनवास पर जय हिंद और तिरंगा के सम्मान में शब्द लिखें।प्रभारी जिला खेल अधिकारी वीरूपाक्ष पुराणिक ने कार्यक्रम का संबोधन किया और सभी को बधाई दी।स्वतंत्रता दौड़ में संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, तहसीदार सुकमा परमेश्वर मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी सहित जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, एनसीसी, स्काउट-गाइड के कैडेट्स तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## क्षेत्र में नियम विपरीत रेत डपिंग



**सुकमा,17 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भूतपूर्व विधायक मनीष कुंजाम,ने सुकमा के कोंटा, फांदीगुड़ा, और चिकलगुड़ा में रेत डंपिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है और इसे नियमों का उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जहां भी रेत डंप किया गया है, वह नियमों के खिलाफ है और इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय समुदायों के अधिकारों का हनन भी हो रहा है। इसके साथ ही, उन्होंने माइनिंग विभाग द्वारा जारी किए गए फिट पास को भी अवैध करार दिया। कुंजाम ने कहा कि इन फिट पासों का इस्तेमाल करके रेत को दूसरे राज्यों में अवैध तरीके से भेजा जा रहा है, जिससे स्थानीय संसाधनों की लूट हो रही है। उन्होंने इस प्रक्रिया को तत्काल रोकने और ग्राम पंचायतों को रेत के मालिकाना हक सौंपने की मांग की, ताकि इन संसाधनों का सही और न्यायसंगत उपयोग हो सके। कुंजाम का मानना है कि रेत खनन से होने वाली आय का सीधा फायदा गांव के विकास और स्थानीय लोगों को होना चाहिए, न कि बाहरी ठेकेदारों को।इस बीच, सुकमा और दंतेवाड़ा के कुछ पत्रकार साथी, जो अवैध रेत भंडारण और इसे दूसरे राज्यों में ले जाने के मामले की रिपोर्टिंग कर रहे थे, रेत माफिया और पुलिस की मिलीभगत के चलते एक साजिश में फंसा दिए गए और अब जेल में हैं। मनीष कुंजाम ने इस साजिश को उजागर करते हुए इसे न केवल स्थानीय नियमों का उल्लंघन बताया है, बल्कि पत्रकारों की स्वतंत्रता पर भी हमला कहा है। कुंजाम ने सरकार से सीधे सवाल किए हैं और मांग की है कि ये अवैध गतिविधियाँ तुरंत बंद हों और सच्चाई उजागर करने वाले पत्रकारों को न्याय मिले। उनकी नाराज़गी इस बात को लेकर भी है कि सरकार इस मुद्दे पर कार्रवाई करने में विफल रही है।

## एनएमडीसी ने सोल्लास मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 17 अगस्त ।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और नवरत्न खनन कंपनी एनएमडीसी ने 78 वां स्वतंत्रता दिवस पूर्ण उत्साह के साथ मनाया । हैदराबाद स्थित कंपनी के मुख्यालय और इसके सभी परियोजना स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । अमिताभ मुखर्जी (सीएमडी, अतिरिक्त प्रभार, एनएमडीसी) ने हैदराबाद में एनएमडीसी के कार्पोरेट कार्यालय में तिरंगा फहराया । इस अवसर पर श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) एवं (कार्मिक)-अतिरिक्त प्रभार बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री जैलाबुद्दीन, मुख्यालय में वरिष्ठतम कर्मचारी, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे ।मुख्यालय, हैदराबाद में सभा को संबोधित करते हुए श्री मुखर्जी ने कहा, ÷एनएमडीसी के लिए यह गौरव की बात है कि यह राष्ट्र की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति और सेवा प्रदान करने का उत्तरदायित्व निभा रहा है, जो कि भारत की प्रगति के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है । हमारे दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि एनएमडीसी 45 मिलियन टन के आँकड़े को पार करनेवाली देश की पहली कंपनी बन गई है । इस दृढ़ संकल्प के साथ हम अगले पाँच वर्षों में वह सब हासिल करने के लिए तैयार हैं जो कि हमने पिछले छह दशकों में हासिल किया है, जिससे हमारा उत्पादन 50 मिलियन टन से बढ़कर 100 मिलियन टन हो जाएगा । पहली तिमाही की हमारे मजबूद वित्तीय परिणाम और उपलब्धियाँ, जिसमें एनएमडीसी स्टील प्लांट में 1 मिलियन टन लिक्विड स्टील और 1.5 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन भी शामिल है, हमारे द्वारा भारत के लिए निर्मित आधुनिक चमत्कार का प्रमाण है । एनएमडीसी जिम्मेदार खनन और सुस्थिरता के लिए समर्पित है । इसके अतिरिक्त, रविवार, 11 अगस्त को हैदराबाद स्थित स्टेट आर्ट गैलरी में आयोजित एनएमडीसी-हिंदू शतरंज टूर्नामेंट के तृतीय संस्करण के विजेताओं को आज सीएमडी महोदय द्वारा सम्मानित किया गया । इस प्रतियोगिता में 110 विद्यालयों के लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया था । सीएमडी, निदेशक तकनीकी, मुख्य सतर्कता अधिकारी और मिनरल ईव्स क्लब की अध्यक्षा एवं पदाधिकारियों ने कर्मचारियों व सहयोगियों के लिए आयोजित आंतरिक खेल प्रतियोंगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया ।

### जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम हामतवाही में 21 अगस्त को

**कांकेर, 17 अगस्त ।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 अगस्त को दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के कोड़ेकुर्से कलस्टर के ग्राम पंचायत हामतवाही में 21 अगस्त दिन बुधवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम हामतवाही, मंगहुर, पचांगी, चिखली, कोण्डे, सराधुघमरे, साधुमिचगांव, सुरूंगदोह, चाउरगांव, गोडपाल, ओटेकसा, कोड़ेकुर्से और करकापाल के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### स्वतंत्रता दिवस पर किरण देव ने तिरंगा फहराया



**सुकमा,17 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले में देश की आजादी का अमृत महोत्सव पर 78 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक किरण देव ने आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से छत्तीसगढ़ में हुए चहुमुखी विकास का संदेश आम जनता तक पहुंचाया। उन्होंने कलेक्टरहरिस. एस और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के साथ परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में सलामी के पश्चात मुख्य अतिथि ने शान्ति और प्रेम के प्रतीक सफेद कपोत और हर्ष व उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनांए दी। राष्ट्रगान की धुन पर तीन राउंड में हर्ष फायर किया गया। समारोह में परेड की टुकड़ियों द्वारा सधे हुए और कदम-ताल मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि ने सभी प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया और उनके साथ फोटो सेशन कराया। समारोह में मुख्य अतिथि किरण देव ने नक्सल हिंसा में शहीद हुए जिले के जवानों के बलिदान को याद करते हुए उनके परिजनों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

## अमृत सरोवर स्थलों पर फहराया गया तिरंगा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 17 अगस्त ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत सरोवर स्थलों पर ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा निकाली। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम भी अमृत सरोवर स्थल पर किया गया। स्वतंत्रता दिवस को उत्साह और उमंग से भरपूर आजादी का पर्व को जिले के संवेदनशील क्षेत्र सहित दूरस्थ गांवो के ग्रामीणों में पूरे विधान के साथ मनाया गया। इस आजादी के गौरव क्षणों को अमृत सरोवर तटों पर ग्रामीणों ने साक्षी होकर सदैव के लिए स्मृतियों में सँजोया गया। जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि कलेक्टर श्री हरिस एस. के निर्देशन पर पूरे जिले में आजादी का पर्व पूरे गरिमामय मनाया गया और विशेषकर अमृत सरोवर तट इस आयोजन के साक्षी बने। उन्होंने बताता कि आजादी के अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पूरे देश में अमृत सरोवर बनाने का अभियान चलाया। इस कड़ी में जिले में 76 अमृत सरोवरों के निर्माण किया गया है। आजादी के राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के सुअवसर पर सभी अमृत सरोवर तटों पर स्थानीय ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने गर्व से तिरंगा फहराया।सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार पहले अमृत सरोवर तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों ने साफ सफाई की। स्वच्छता के बाद ग्रामीणों ने उल्लास के साथ हमारे देश की शान तिरंगा फहराया और फिर गांव के प्रमुख मार्गो पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने भी कई ग्राम पंचायतों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता से आजादी के पर्व में हिस्सेदारी निभाई।कार्यक्रम में ध्वजारोहण, तिरंगा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं मनरेगा कर्मचारी, बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में दिखा देशभक्ति का रंग

**सुकमा,17 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय समारोह में स्कूली बच्चों ने मनोरम नृत्य प्रस्तुत की। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले और परेड करने वाले को सम्मानित किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान आकार दिव्यांग आवासीय विद्यालय सुकमा, द्वितीय स्थान स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा, तृतीय स्थान पोटाकेबिन बालाटिकरा छिंदगढ़ को मिला। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन सीनियर विंग प्रथम स्थान सीआरपीएफ बटालियन, द्वितीय स्थान महिला पुलिस बल एवं तृतीय स्थान जिला पुलिस बल को मिला। परेड प्रदर्शन जुनियर विंग में प्रथम स्थान स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा, द्वितीय स्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा, तृतीय स्थान आईएमएसटी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा को मिला। साथ ही समारोह में परेड की टुकड़ियों को शील्ड प्रदान किया गया। इसके गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने आदिवासी संस्कृति और देश भक्ति पर शानदार प्रस्तुती दी।स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में पोटा केबिन स्कूल सुकमा के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा गीत में, डी.ए.व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सुकमा के विद्यार्थियों ने एक ते नाम है सांचा गीत में, स्वामी आत्मानंद उच्चतर हिन्दी माध्यम विद्यालय बालक सुकमा के विद्यार्थियों ने आदिवासी जंगल रखवाला रे, आकार सुकमा-जलवा तेरा जलवा के विद्यार्थियों ने जलवा गीत में, पोटा केबिन मुरतोण्डा के विद्यार्थियों ने सलामत रहे। मेरा इंडिया गीत में, पोटा केबिन सिद्धगढ़ के विद्यार्थियों ने माँ जननी जन्मभूमि गीत में और आई.एम.एस.टी. स्कूल सुकमा के विद्यार्थियों ने आदिवासी गीत में अपनी प्रस्तुति दी।



## उप मुख्यमंत्री शर्मा ने अंदरूनी इलाके पूवर्ती पहुंचकर चौपाल में ग्रामीणों से की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 17 अगस्त ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को सुकमा जिले के अंदरूनी ईलाके पूवर्ती पहुंचकर चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू होकर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस अंदरूनी ईलाके के विकास के प्रति कटिबद्ध है और नियद नेल्लानार योजनांतर्गत विकास कार्यो के साथ ही सड़क,बिजली,पेयजल इत्यादि बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। वहीं ग्रामीणों को शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने संवेदनशीलता के साथ प्रयास कर रही है। इस दौरान उन्होंने पूवर्ती,टेकलगुड़ा एवं सिलगेर से रायपुर भ्रमण पर





गए ग्रामीणों से वहां के अनुभव के बारे में पूछा। जिसमें पूवर्ती निवासी दो ग्रामीणों ने रायपुर प्रवास के अनुभव को साझा किया। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी जानकारी ली। साथ ही मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा। वहीं ग्रामीणों से समस्याएं सुनी और समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पूवर्ती के उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया और खाद्यान्न एवं अन्य राशन सामग्री की सुलभता की जानकारी ली तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को खाद्यान्न एवं सभी आवश्यक चीजें नियमित तौर पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान बस्तर संभागायुक्त श्री डोमन सिंह, आईजी श्री पी सुंदरराज, कलेक्टर श्री हरिस एस., एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन श्री निखिल राकेजा, एसडीएम कोंटा श्री शबाब खान सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26